**Bhavan's Tripura Vidyamandir**
1st Quarterly Test : (2025-2026)

**Class:- 12** **Subject: Hindi**
Time:- 2 hours Total :- 50 Marks
Name of the student : Roll: Sec:

---

सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

1. अपठित गद्यांश के आधार पर सही विकल्प का चयन कीजिए :- 10

जहाँ भी दो नदियाँ आकर मिल जाती हैं, उस स्थान को अपने देश मेंकहने का रिवाज है। यह केवल रिवाज की ही बात 'तीर्थ' नहीं हैंअलग नदियों में स्नान करने से जितना पुण्य होता है-हम सचमुच मानते हैं कि अलग ;, उससे कहीं अधिक पुण्य संगम स्नान में है। किन्तु भारत आज जिस दौर से गुजर रहा है, उसमें असली संगम वे स्थान, वे सभाएँ तथा वे मंच हैं, जिन पर एक से अधिक भाषाएँ एकत्रित होती हैं।

नदियों की विशेषता यह है कि वे अपनी धाराओं में अनेक जनपदों का सौरभ, अनेक जनपदों के आँसू और उल्लास लिए चलती है तथा उनके पारस्परिक मिलन में, वास्तविक में नाना प्रकार के आँसू और उमंग, भाव और विचार, आशाएँ और शंकाएँ समाहित होती हैं। अतः जहाँ भाषाओं का मिलन होता है, वहाँ वास्तव में विभिन्न जनपदों के हृदय ही मिलते हैं, उनके भावों और विचारों का ही मिलन होता है तथा भिन्नताओं में छिपी हुई एकता वहाँ कुछ अधिक प्रत्यक्ष हो उठती हैं। इस दृष्टि से भाषाओं का संगम आज सबसे बड़े तीर्थ हैं और इन तीर्थों में जो भी भारतवासी श्रद्धा से स्नान करता है, वह भारतीय एकता का सबसे बड़ा सिपाही और संत है।

हमारी भाषाएँ जितनी ही तेजी से जगेंगी, हमारे विभिन्न प्रदेशों का पारस्परिक ज्ञान उतना ही बढ़ता जाएगा। भारतीय केवल अपनी ही भाषा में प्रसिद्ध होकर न रह जाएँ, बल्कि भारत की अन्य भाषाओं में भी उनके नाम पहुँचे और उनकी कृतियों की चर्चा हो। भाषाओं के जागरण का आरंभ होते ही एक प्रकार का अखिल भारतीय मंच आप-से-आप प्रकट होने लगा है। आज प्रत्येक भाषा के भीतर यह जानने की इच्छा उत्पन्न हो गई है कि भारत की अन्य भाषाओं में क्या हो रहा है, उनमें कौन-कौन ऐसे लेखक हैं तथा कौन-सी विचारधारा वहाँ प्रभुसत्ता प्राप्त कर रही है।

क) नदियों की विशेषता है कि 'वे अपनी धाराओं में अनेक जनपदों के सौरभ, अनेक जनपदों के आँसू और उल्लास लिए चलती हैं।' – पंक्ति में रेखांकित पद का क्या आशय है ? 1

i) दुख और खुशी ii) खुशी और वैभव iii) गंदगी और श्रद्धा iv) आस्था और विश्वास

ख) भारत आज जिस दौर से गुजर रहा है उसमें असली संगम क्या है ? 1

i) वे स्थान वे सभाएँ तथा वे मंच जिन पर वाद-विवाद होता है।
ii) वे स्थान, वे सभाएँ तथा वे मंच जिन पर नाटक होता है।
iii) वे स्थान, वे सभाएँ तथा वे मंच जिन पर एक से अधिक भाषाएँ एकत्र होती हैं।
iv) वे स्थान, वे सभाएँ तथा वे मंच जिन पर जादू दिखाया जाता है।

ग) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए :-- 1

कथन (A) : संगम में स्नान करने से अधिक पुण्य मिलता है।
कारण (R) : जहाँ दो नदियाँ आकर मिल जाती हैं।

i) कथन (A) गलत है तथा कारण (R) सही है।
ii) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं
iii) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।
iv) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

घ ? अपने देश में किसे तीर्थ कहने का रिवाज़ है ( 1
ङलेखक ने असली संगम (-स्थल किसे कहा है ? 2
च ? नदियों की क्या विशेषताएँ हैं ( 2
छ ? भाषाओं के जागरण का क्या प्रभाव पड़ा है ( 2

2. अपठित काव्यांश के आधार पर सही विकल्प का चयन कीजिए :-- 5X1 = 5

निर्मम कुम्हार की थापी से, कितने रूपों में कुटी-पुटी।
हर बार बिखेरी गई किंतु, मिट्टी फिर भी तो नहीं मिटी।
आशा में निश्छल पल जाए, छलना में छलकर छल जाए ।
सूरज दमके तो तप जाए, रजनी ठुमके तो ढल जाए ।
यों तो बच्चों की गुड़िया-सी भोली, मिट्टी की हस्ती क्या ;
आँधी आए तो उड़ जाए, पानी बरसे तो गल जाए ।
फसलें उड़तीं, फसलें कटतीं, लेकिन धरती चिर उर्वर है,
मिट्टी गलत जाती है, पर उसका विश्वास अमर हो जाता है।

क) प्रस्तुत काव्यांश में किसकी महिमा का गान किया गया है ?

i) कुम्हार का ii) थापी का iii) मिट्टी का iv) कवि का

ख) आँधी आने से मिट्टी क्या होती है ?

i) बह जाती है ii) उड़ जाती है iii) गल जाती है iv) जमा हो जाती है

ग) क्या चीज कुटने-पिटने के बाद भी नहीं मिटती ?

i) मिट्टी का मिट्टीपन ii) यह धरती iii) निर्ममता iv) पानी का रूप

घ) 'छलना में छलकर छल जाए' -- में किस अलंकार का प्रयोग हुआ है ?

i) उपमा ii) अनुप्रास iii) यमक iv) रूपक

ङ) मिट्टी की हस्ती की तुलना किससे की गई है ?

i) बच्चों से ii) बच्चों की गुड़िया से iii) आँधी से iv) पानी से

3 . किन्हीं )चार( प्रश्नों के उत्तर लगभग शब्दों में दें 40:- 4X2 = 8

कजनसंचार के दो कार्यों को लिखिए। ? संचार किसे कहते हैं (

खइसके उदाहरण भी दें। ? प्रिंट माध्यम किसे कहते हैं (

गभारत में इंटरनेट का पह ? इंटरनेट क्या है (ला दौर कब शुरू हुआ ?

घटेलीविजन समाचारों में एंकर ( – बाइट क्यों जरूरी है ?

ङ? खोजपरक पत्रकारिता से आप क्या समझते हैं (

4. किन्हीं )दो ( प्रश्नों का उत्तर लगभग शब्दों में दें 60:- 2X3 = 6

कजहाँ पर दाना रहते है (ं, वहीं नादान भी होते हैं – कवि ने ऐसा क्यों कहा ?

ख) पतंगों के साथ-साथ वे भी उड़ रहे है – बच्चों का उड़ान से कैसा संबंध बनता है ?

ग) बात और भाषा परस्पर जुड़े होते हैं , किन्तु कभी – कभी भाषा के चक्कर में सीधी बात टेढ़ी हो जाती है । कैसे ?

5. गद्यांश के आधार पर सही विकल्प का चयन कीजिए :- 5X1= 5

मैंने मन में कहा, ठीक। बाजार आमंत्रित करता है कि आओ मुझे लूटो और लूटो। सब भूल जाओ, मुझे देखो। मेरा रूप किसके लिए है ? मैं तुम्हारे लिए हूँ। नहीं कुछ चाहते हो, तो भी देखने में क्या हर्ज है। अजी आओ भी। इस आमंत्रण में यह खूबी है कि आग्रह नहीं है आग्रह तिरस्कार जगाता है। लेकिन ऊँचे बाजार का आमंत्रण मूक होता है और उससे चाह जगती है। चाह मतलब अभाव। चौक बाजार में खड़े होकर आदमी को लगने लगता है कि उसके अपने पास काफी नहीं है और चाहिए, और चाहिए। मेरे यहाँ कितना परिमित है और यहाँ कितना अतुलित है ओह !

कोई अपने को न जाने तो बाजार का यह चौक उसे कामना से विकल बना छोड़े। विकल क्यों, पागल। असंतोष, तृष्णा और ईर्ष्या से घायल कर मनुष्य को सदा के लिए यह बेकार बना डाल सकता है।

क( गद्यांश की आरंभिक उक्ति किसकी है ?

i) मनुष्य ii) बाजार iii) ग्राहक iv) लेखक

ख? गद्यांश में स्वयं को लूटने का आमंत्रण कौन दे रहा है (

i) ग्राहक की ii) लेखक की iii) बाज़ार की iv) किसी की नहीं

ग? प्रस्तुत गद्यांश के लेखक कौन हैं (

i) महादेवी वर्मा ii) विष्णु खरे iii) जैनेन्द्र कुमार iv) धर्मवीर भारती

घ? चौक बाज़ार में खड़े आदमी क्या सोचता है (

i) मेरे पास काफी सामान नहीं है ii) मेरे पास सीमित सामान है

iii) मुझे और सामान चाहिए iv) उपरोक्त सभी

? स्वयं को न जानने का क्या परिणाम होता है (ङ

i) व्याकुलता ii) तृष्णा iii) असंतोष iv) उपर्युक्त सभी

6. किन्हीं )दो( प्रश्नों के उत्तर लगभग शब्दों में दें 60:- 2X3 = 6

क ('भक्तिन अच्छी है, यह कहना कठिन होगा क्योंकि उसमें दुर्गुणों का अभाव नहीं '– लेखिका ने ऐसा क्यों कहा होगा ?

ख ('भक्तिन पाठ के आधार पर भक्तिन की तीन विशेषताएँ लिखिए । '

ग) 'बाज़ार दर्शन' पाठ के आधार पर पैस की व्यंग्य शक्ति को स्पष्ट करें ।

7. वितान -2, के आधार पर प्रश्नों के उत्तर लगभग शब्दों में दें 80 – 2X5= 10

क? यशोधर बाबू किससे प्रभावित थे और क्यों (

ख? किसे और क्यों कहा गया है 'शानयल बुढ़िया' कहानी में 'सिल्वर वैडिंग' (